**अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान**

(हिंदी अनुभाग)

अंसारी नगर, नई दिल्ली-29.

दिनांक: 01.01.2026

फा.सं.7-1/2025-हिं.अ.

**विषय: अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 09.12.2025 को आयोजित हुई बैठक का कार्यवृत्त।**

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की एक बैठक माननीय अपर निदेशक (प्रशासन) महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 09.12.2025 को अपराह्न 03.00 बजे आयोजित की गई थी। इस बैठक में माननीया वरिष्ठ वित्त सलाहकार एवं राजभाषा अधिकारी महोदया सहित संस्थान के तिमाही प्रगति रिपोर्ट प्रेषितकर्ता सभी संबद्ध अनुभागों/केंद्रों के अधिकारियों ने भाग लिया। इस बैठक का कार्यवृत्त सूचना/आवश्यक कार्रवाई हेतु इसके साथ संलग्न है।

संस्थान के सभी संबद्ध तिमाही प्रगति रिपोर्ट प्रेषितकर्ता अनुभागों/केंद्रों से अनुरोध है कि वे इस कार्यवृत्त की विभिन्न मदों पर माननीय समिति द्वारा लिए गए निर्णयों पर अपेक्षित कार्रवाई करें और इस संबंध में की गई अनुपालनात्मक कार्रवाई की सूचना हिंदी अनुभाग को भी दी जाए।

**यह कार्यवृत्त निदेशक एवं अध्यक्ष, राजभाषा कार्यान्वयन समिति, एम्स महोदय के अनुमोदन से जारी किया जा रहा है।**

(पदम सिंह)
वित्त सलाहकार एवं
वरिष्ठ हिंदी अधिकारी (का.)

**वितरण**:- सभी संबद्ध तिमाही प्रगति रिपोर्ट प्रेषितकर्ता अनुभाग/केंद्र।

**प्रतिलिपि**:-

- निदेशक एवं अध्यक्ष, राजभाषा कार्यान्वयन समिति, एम्स महोदय की प्रधान निजी सचिव, एम्स, नई दिल्ली।
- संकायाध्यक्ष (शैक्षिक)/चिकित्सा अधीक्षक महोदया के प्रधान निजी सचिव, एम्स, नई दिल्ली।
- अपर निदेशक (प्रशासन) महोदय के प्रधान निजी सचिव/वरिष्ठ वित्त सलाहकार एवं राजभाषा अधिकारी/उप-सचिव महोदय के निजी सचिव।
- मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/वित्त सलाहकार/अधीक्षण अभियंता महोदय के निजी सचिव।
- संयुक्त निदेशक (राजभाषा), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, निर्माण भवन, नई दिल्ली-110011.
- संयुक्त निदेशक (कार्यान्वयन), उत्तरी क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय-I (दिल्ली), त्रिकुट-II, तीसरी मंजिल, भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली-110066.
- प्रभारी आचार्य (कंप्यूटर सुविधा) - कृपया इसे एम्स की वेबसाइट पर अपलोड करवाने की कृपा करें।

**अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 09.12.2025 को श्री अंशुल मिश्रा, अपर निदेशक (प्रशासन) महोदय की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक का कार्यवृत्त।**

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की जुलाई-सितम्बर, 2025 एवं अक्तूबर-दिसम्बर, 2025 अवधियों की एक संयुक्त बैठक दिनांक 09.12.2025 को अपराह्न 03.00 बजे, श्री अंशुल मिश्रा, अपर निदेशक एवं अध्यक्ष महोदय की अध्यक्षता में डॉ. रामालिंगास्वामी सभागार में आयोजित हुई। इस बैठक में संस्थान के निम्नलिखित अधिकारीगण ने भाग लिया:-

| | |
|---|---|
| 1. | श्रीमती दिव्या यानामदाला, वरिष्ठ वित्त सलाहकार एवं राजभाषा अधिकारी, एम्स, नई दिल्ली |
| 2. | श्री पदम सिंह, वित्त सलाहकार, एम्स, नई दिल्ली |
| 3. | श्री दीपक भुटाले, अधीक्षण अभियंता एम्स, नई दिल्ली |
| 4. | प्रशासनिक अधिकारी, स्थापना अनुभाग (नि.का.) के प्रतिनिधि:- श्री राकेश, वरिष्ठ प्रशासनिक सहायक, एम्स, नई दिल्ली |
| 5. | श्री राज कुमार, प्रशासनिक अधिकारी, संकाय प्रकोष्ठ, एम्स, नई दिल्ली |
| 6. | वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, संपदा अनुभाग की प्रतिनिधि:- श्रीमती दीपा, सहायक प्रशासनिक अधिकारी, एम्स, नई दिल्ली |
| 7. | प्रशासनिक अधिकारी, विधि प्रकोष्ठ के प्रतिनिधि:- श्री अंशुल चंद्रा, कनिष्ठ प्रशासनिक सहायक, एम्स, नई दिल्ली |
| 8. | श्री अनिल कुमार, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, ई.एच.एस. एवं ए.सी.आर. प्रकोष्ठ, एम्स, नई दिल्ली |
| 9. | श्रीमती अनिता टेटे, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, एस.सी./एस.टी./ओ.बी.सी. प्रकोष्ठ एवं समन्वय प्रकोष्ठ |
| 10. | श्रीमती चन्द्रा बिष्ट, सहायक प्रशासनिक अधिकारी, आर.टी.आई. प्रकोष्ठ, एम्स, नई दिल्ली |
| 11. | श्री राकेश कुमार झा, वित्त एवं मुख्य लेखा अधिकारी, सामान्य भविष्य निधि अनुभाग, एम्स, नई दिल्ली |
| 12. | श्री हिमांशु कांडपाल, लेखा अधिकारी, एम.एस.यू., एम्स, नई दिल्ली |
| 13. | डॉ. उमेश कुमार, सहायक पुस्तकालय एवं सूचना अधिकारी, बी.बी. दीक्षित पुस्तकालय, एम्स, नई दिल्ली |
| 14. | श्री जितेन्द्र बहल, सहायक प्रशासनिक अधिकारी, अनुसंधान अनुभाग, एम्स, नई दिल्ली |

| | |
|---|---|
| 15. | श्री हरगोपाल सिंह, सहायक प्रशासनिक अधिकारी,<br>परीक्षा अनुभाग, एम्स, नई दिल्ली |
| 16. | श्रीमती हरीशा सूरी, कनिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी,<br>भंडार अनुभाग (नि.का.), एम्स, नई दिल्ली |
| 17. | प्रभारी आचार्य, कंप्यूटर सुविधा के प्रतिनिधि:- श्री अमन गुप्ता, डाटा एंट्री ऑपरेटर,<br>कंप्यूटर सुविधा, एम्स, नई दिल्ली। |
| 18. | श्रीमती कमला भाकुनी, सहायक प्रशासनिक अधिकारी,<br>सामान्य अनुभाग, एम्स, नई दिल्ली |
| 19. | श्रीमती ज्योति अरोड़ा, प्रशासनिक अधिकारी,<br>स्थापना अनुभाग (अस्पताल), एम्स, नई दिल्ली |
| 20. | श्रीमती रेनू बाला, सहायक प्रशासनिक अधिकारी,<br>डॉ. रा.प्र. केंद्र, एम्स, नई दिल्ली |
| 21. | श्री ज्ञानचंद, प्रशासनिक अधिकारी,<br>हृद् तंत्रिका केंद्र, एम्स, नई दिल्ली |
| 22. | श्री मंगल सिंह, सहायक प्रशासनिक अधिकारी,<br>डॉ. भी.रा.अं.सं.रो.कैं.अ., एम्स, नई दिल्ली |
| 23. | श्री महेन्द्र पाल सिंह, प्रशासनिक अधिकारी,<br>दंत शिक्षा एवं अनुसंधान केंद्र, एवं राष्ट्रीय औषध निर्भरता उपचार केंद्र, एम्स, नई दिल्ली |
| 24. | श्री शशि कांत, प्रशासनिक अधिकारी,<br>जे.पी.एन.ए. ट्रॉमा केंद्र, एम्स, नई दिल्ली |
| 25. | श्री श्याम सुंदर, सहायक प्रशासनिक अधिकारी,<br>राष्ट्रीय कैंसर संस्थान, झज्जर, एम्स, नई दिल्ली |
| 26. | श्री पदम सिंह, वरिष्ठ हिंदी अधिकारी (का.) एवं सदस्य-सचिव,<br>एम्स, नई दिल्ली |
| 27. | श्री विजय कुमार, हिंदी अधिकारी,<br>एम्स, नई दिल्ली |
| 28. | श्री प्रमोद कुमार, हिंदी अधिकारी,<br>एम्स, नई दिल्ली |

माननीय निदेशक महोदय एवं चिकित्सा अधीक्षक महोदया अपने पूर्व-नियोजित कार्यक्रमों के कारण बैठक में उपस्थित नहीं हो सके। अन्य सदस्यों की ओर से बैठक में अनुपस्थित रहने संबंधी कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई।

वरिष्ठ हिंदी अधिकारी एवं सदस्य-सचिव की ओर से श्री प्रमोद कुमार, हिंदी अधिकारी ने बैठक की कार्रवाई प्रारम्भ करते हुए माननीय अपर निदेशक (प्रशासन) एवं अध्यक्ष महोदय तथा बैठक में उपस्थित अन्य सभी अधिकारीगण का स्वागत किया और तत्पश्चात माननीय अध्यक्ष महोदय से औपचारिक अनुमति प्राप्त करने के पश्चात बैठक की कार्रवाई प्रारम्भ की गई। सर्वप्रथम, माननीय

अध्यक्ष महोदय द्वारा संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 18.06.2025 को आयोजित हुई पिछली बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गई।

1. **<u>भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 हेतु जारी वार्षिक कार्यक्रम संबंधी:-</u>** हिंदी अधिकारी ने समिति को अवगत कराया कि राजभाषा विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 हेतु जारी वार्षिक कार्यक्रम दिनांक 30.04.2025 को माननीया वरिष्ठ वित्त सलाहकार एवं राजभाषा अधिकारी महोदया की ओर से संस्थान के सभी विभागों/अनुभागों/केंद्रों में सूचना एवं उचित कार्रवाई हेतु परिचालित किया गया था। हिंदी अधिकारी ने समिति को यह भी सूचित किया कि राजभाषा कार्यान्वयन समिति की पिछली बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि राजभाषा विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 हेतु जारी वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु संस्थान के सभी विभागों/अनुभागों/केंद्रों द्वारा आवश्यक कदम उठाए जाएं।

हिंदी अधिकारी ने समिति को यह भी अवगत कराया कि अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली ''क'' क्षेत्र में आता है तथा भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा उपर्युक्त लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु पूरे भारत को 3 भागों में निम्नानुसार बांटा गया है:-

- "क" क्षेत्र में बिहार, छत्तीसगढ़, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड राज्य तथा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली और अण्डमान एवं निकोबार द्वीप समूह संघ राज्य क्षेत्र सम्मिलित हैं।
- "ख" क्षेत्र में गुजरात, महाराष्ट्र, पंजाब राज्य तथा चण्डीगढ़, दमन और दीव तथा दादरा व नगर हवेली संघ राज्य क्षेत्र सम्मिलित हैं।
- "ग" क्षेत्र में वे सभी राज्य या संघ राज्य क्षेत्र सम्मिलित हैं जो "क" तथा "ख" क्षेत्र में शामिल नहीं किए गए हैं।

राजभाषा विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 हेतु जारी वार्षिक कार्यक्रम पर विस्तृत विचार-विमर्श के उपरान्त माननीय समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि हिंदी अनुभाग द्वारा वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु "क", "ख" क्षेत्र तथा ग" क्षेत्रों के बारे में संस्थान के सभी विभागों/अनुभागों/केंद्रों की सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पुन: एक ज्ञापन जारी किया जाए। माननीय अध्यक्ष महोदय ने समिति के उपर्युक्त निर्णयों को अपना अनुमोदन प्रदान करते हुए आदेश दिया कि राजभाषा विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 हेतु जारी वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु संस्थान के सभी विभागों/अनुभागों/केंद्रों द्वारा आवश्यक कदम उठाए जाएं।

**कार्रवाई - अनुपालनकर्ता उपर्युक्त सभी विनिर्दिष्ट विभाग/अनुभाग/केन्द्र/हिंदी अनुभाग**

2. **<u>संस्थान में हिंदी टंकण/आशुलिपि प्रशिक्षण प्रदान करने संबंधी</u>:-** इस विषय के संदर्भ में हिंदी अधिकारी ने माननीय समिति को अवगत कराया कि भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा जारी दिशा-निदेशों के अनुपालन में संस्थान के नियमित कनिष्ठ प्रशासनिक सहायकों/डाटा एंट्री ऑपरेटरों/आशुलिपिकों आदि को हिंदी टंकण/आशुलिपि के अनिवार्य प्रशिक्षण हेतु नियमित रूप से नामित किया जाता है। हिंदी अधिकारी द्वारा माननीय समिति को सूचित किया गया कि हिंदी टंकण/आशुलिपि प्रशिक्षण की कक्षाओं में वर्तमान में संस्थान के 07 कर्मचारीगण हिंदी टंकण/हिंदी आशुलिपि का

प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं तथा फरवरी, 2026 से आरंभ होने वाले हिंदी टंकण/हिंदी आशुलिपि के ऑफलाइन प्रशिक्षण सत्र हेतु संस्थान के कर्मचारीगण से नामांकन मंगवाने हेतु दिनांक 01.12.2025 को हिंदी अनुभाग की ओर से एक परिपत्र भी जारी किया गया है।

इस विषय पर विस्तृत विचार-विमर्श के उपरान्त माननीय समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि हिंदी टंकण/आशुलिपि प्रशिक्षण के फरवरी 2026 से प्रारंभ होने वाले आगामी सत्र में भी संस्थान के नियमित कनिष्ठ प्रशासनिक सहायकों/डाटा एंट्री ऑपरेटरों/आशुलिपिकों/वैयक्तिक सहायकों का नियमानुसार नामांकन सुनिश्चित किया जाए। माननीय अध्यक्ष महोदय ने समिति के इस निर्णय को अपना अनुमोदन प्रदान किया।

**कार्रवाई - हिंदी अनुभाग एवं सभी विभाग/अनुभाग/केंद्र**

3. **<u>संस्थान में हिंदी पदों का सृजन संबंधी:-</u>** हिंदी अधिकारी ने माननीय समिति को सूचित किया कि पिछली बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि भर्ती प्रकोष्ठ द्वारा वर्तमान में संस्थान में कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी (हिंदी) के रिक्त 03 नियमित पदों को भरने के संबंध में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। हिंदी अधिकारी द्वारा माननीय समिति को अवगत कराया कि इस संबंध में भर्ती प्रकोष्ठ द्वारा सूचित किया गया है कि कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी (हिंदी) के 01 रिक्त पद को नियमित आधार पर भरने के लिए पिछले सी.आर.ई. (CRE) विज्ञापन में विज्ञापित किया गया था जिसके बाद चयनित उम्मीदवार को नियुक्ति पत्र भेजा जा चुका है। अन्य 02 रिक्त पदों को दिसम्बर, 2025 में आयोजित होने वाले सी.आर.ई. (CRE) भर्ती में इन पदों को भरने का अनुरोध परीक्षा अनुभाग को भेजा जा चुका है।

इस विषय पर विस्तृत विचार-विमर्श के उपरांत माननीय समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि भर्ती प्रकोष्ठ और परीक्षा अनुभाग द्वारा संस्थान में कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी (हिंदी) के रिक्त 03 नियमित पदों को भरने के संबंध में आवश्यक कार्रवाई अतिशीघ्र पूर्ण की जाए। माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा समिति के उपर्युक्त निर्णय को अपना अनुमोदन प्रदान किया गया।

**कार्रवाई - भर्ती प्रकोष्ठ/परीक्षा अनुभाग**

4. **<u>संस्थान में नियमित रूप से हिंदी कार्यशालाओं का आयोजन:-</u>** हिंदी अधिकारी द्वारा समिति को सूचित किया गया कि पिछली बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन में संस्थान के विभिन्न विभागों/अनुभागों/केंद्रों में तैनात 40 आशुलिपिकों के लिए दिनांक सितम्बर, 2025 को एक दिवसीय विशेष हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें उन्हें अपना सरकारी कामकाज राजभाषा हिंदी में करने एवं इससे संबंधित विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। हिंदी अधिकारी ने समिति को यह भी सूचित किया कि संस्थान में नियमित रूप से प्रत्येक तिमाही में हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।

इस विषय पर चर्चा के उपरांत माननीय समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया कि हिंदी अनुभाग द्वारा संस्थान में आगे भी नियमित रूप से हिंदी कार्यशालाओं का आयोजन किया जाए। माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा समिति के उपर्युक्त निर्णय को अपना अनुमोदन प्रदान किया गया।

**कार्रवाई - हिंदी अनुभाग**

5. **<u>संस्थान की तिमाही प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा संबंधी:-</u>** इस विषय के सदंर्भ में हिंदी अधिकारी ने माननीय समिति को अवगत कराया कि भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा हिंदी में मूल पत्राचार का लक्ष्य "क" क्षेत्र से "क" क्षेत्र को 100%, "क" क्षेत्र से "ख" क्षेत्र को 100%, "क" क्षेत्र से "ग" क्षेत्र को 70% और क" क्षेत्र से "क" तथा "ख" क्षेत्र के राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के कार्यालय/ व्यक्तियों को हिंदी में मूल पत्राचार का लक्ष्य 100% निर्धारित किया गया है, लेकिन दिनांक 30 सितम्बर, 2025 को समाप्त तिमाही के दौरान "क" क्षेत्र से "क" क्षेत्र को संस्थान का हिंदी पत्राचार 80.23% है और "क" क्षेत्र से "ख" क्षेत्र को 66.82% तथा "क" क्षेत्र से "ग" क्षेत्र को 62.78% ही है।

तिमाही प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा के दौरान माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा इस पर गंभीर चिन्ता व्यक्त की गई और आदेश दिया कि "क" क्षेत्र से "क" क्षेत्र तथा "क" क्षेत्र से "ख" क्षेत्र एवं "क" क्षेत्र से "ग" क्षेत्र को संस्थान द्वारा किए जाने वाले हिंदी पत्राचार में निर्धारित लक्ष्य के अनुसार अपेक्षित बढ़ोतरी करने के गंभीर प्रयास किए जाएं।

तिमाही प्रगति रिपोर्ट पर विस्तृत चर्चा के उपरांत समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया कि मूल पत्राचार संबंधी निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति और "क" क्षेत्र से "ख" क्षेत्र एवं "क" क्षेत्र से "ग" क्षेत्र को संस्थान द्वारा किए जाने वाले हिंदी पत्राचार में अपेक्षित बढ़ोतरी करने के लिए तिमाही प्रगति रिपोर्ट प्रेषितकर्ता सभी अनुभागों/केंद्रों द्वारा ईमानदारी से प्रयास किए जाएं। माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा समिति के उपर्युक्त निर्णयों को अपना अनुमोदन प्रदान किया गया।

**कार्रवाई - तिमाही प्रगति रिपोर्ट प्रेषितकर्ता सभी अनुभाग/केंद्र/हिंदी अनुभाग**

हिंदी अधिकारी द्वारा माननीय अपर निदेशक (प्रशासन) एवं अध्यक्ष महोदय, वरिष्ठ वित्त सलाहकार एवं राजभाषा अधिकारी महोदया को आभार प्रकट करने तथा बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारीगण को धन्यवाद के पश्चात बैठक सम्पन्न हुई।